## संक्षिप्त

### भालू के हमले से वृद्ध घायल

**बौंली- बामनवास,** (श्रद्धा ओम त्रिवेदी): सवाई माधोपुर रणथंभौर वन क्षेत्र में शनिवार को करीब 12 बजे एक लकडहारे गोवर्धन माली उम्र 52 वर्ष निवासी हरिजन बस्ती नीम चौकी भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया है। फलोदी रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी विष्णु गुप्ता ने बताया कि गोवर्धन माली 52 वर्ष रणथंभौर नेशनल टाइगर पार्क के चिडी खो वन क्षेत्र में लकडी लेने गया था इस दौरान भालू ने हमला कर दिया। भालू ने हमले से उसके मुंह को नोंच कर उसकी चमडी उधेड दी। हमले के बाद वह घायल अवस्था में अपने घर पहुंचा। परिजनों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची जिसमें गोवर्धन के मुंह का मांस बाहर आया हुआ था, सर के ऊपर से चमडी उधड कर खोपडी दिखाई देने लगी थी। वन विभाग ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर जयपुर रैफर कर दिया गया है। वन अधिकारी ने बताया कि रणथंभौर नेशनल टाइगर पार्क हेविटाट एरिया में लोगों का प्रवेश वर्जित है फिर भी लोग जंगल की दीवार कूद इस क्षेत्र में घुस जाते हैं। इस कारण इस प्रकार की घटनाएं होती रहती है।

### राहुल गांधी का पुतला फूंका

**निवाई,** (निसं)। अहिंसा सर्किल पर शनिवार को सर्व हिन्दू समाज के युवाओं ने विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। मोन्टी शर्मा ने बताया कि राहुल गांधी ने लोकसभा में हिन्दु विरोधी बयान दिया है। जिससे सर्व हिन्दुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। उक्त बयान के विरोध में सर्व हिन्दु समाज के युवाओं ने अहिंसा सर्किल पर राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर लक्ष्य जमात, विशाल जमात, चंद्रशखेखर, कुशाल, योगेश, राहुल शर्मा, राहुल, राकेश खारोल, गौरव, निखिल, दीपेश, राहुल जायसवाल, मायाराम गुरुजी, रवि व खुशीराम सहित कई युवा मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सिकराय,** (निसं)। राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल राणोली में शनिवार को स्कूल के स्टाफ व छात्रों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य कृपाशंकर मीना व सरपंच प्रतिनिधि समुद्र गुर्जर ने स्कूल परिसर में पौधा लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के स्टाफ व छात्रों ने स्कूल परिसर में छायादार व फलदार पौधे लगाकर साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य ने पौधारोपण किए पौधे में रोज पानी व सुरक्षा को लेकर शपथ भी दिलाई। इस दौरान अध्यापक धन्ना लाल सैनी, योगेश शर्मा, बलराम गुर्जर, दिलीप सिंह, पूजा शर्मा, सीमा मीना, मंजुलता, वर्मा, अशोक सैनी, सीयाराम मीना, हीरालाल सैनी, जितेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

### सवारी बैठाने को लेकर मारपीट

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। प्रसिद्ध धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की भीड बढ ने के साथ ही अवैध बसों का संचालन भी हो रहा है। रोडवेज बस स्टैंड के पास अवैध बसों का जमावडा रोजाना देखा जा सकता है और सवारी बैठाने को लेकर आपस में झगडा करते है यहां तक कि मारपीट तक भी नौबत आ जाती है। सवारी बैठाने को लेकर निजी बस चालकों में आपस में झगडा हो गया व मारपीट करने लग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश का प्रयास किया नहीं मानने पर आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर छह बसों को जब्त किया गया। थाना एच एम हरि सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने समझाइश का प्रयास किया लेकिन नहीं मानने पर कार्रवाई की गई।

### वरिष्ठजन सम्मान समारोह आज

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। श्री गौड विप्र परिषद समिति श्रीमाधोपुर की ओर से समाज के 70 या उससे अधिक उम्र के लोगो का 'वरिष्ठ जन सम्मान समारोह' का आयोजन रविवार 7 जुलाई को शाम 4 बजे से श्री गौड विप्र परिषद समिति भवन श्रीमाधोपुर में किया जाएगा। श्री गौड विप्र परिषद समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र कुमार शर्मा, मंत्री डॉ चंद्र प्रकाश व्यास एवं समस्त कार्यकारिणी की ओर से वरिष्ठ जनों को आमंत्रित किया गया है। श्री गौड विप्र परिषद समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी कडी में समाज के मार्गदर्शक रहे वरिष्ठ जनों को यह कार्यक्रम समर्पित है।

# वृक्षों को अपनी संतान मानकर देखभाल करें : एडीजे नीरज भामू

**सांभरझील,** (निसं)। एडीजे नीरज भामू ने कहा कि गो ग्रीन अभियान पूर्णतया सफल तभी होगा जब हम पौधारोपण करने के बाद उनको संतान मानकर देखभाल करें।

गो ग्रीन अभियान के तहत दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण के दौरान एडीजे अरविन्द जांगिड, एसीजेएम ऋचा कौशिक, मुंसिफ मजिस्ट्रेट जयश्री लमोरिया ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हरियाली को बढावा देना जरूरी है ताकि वातावरण में ऑक्सीजन का लेवल बढ सके। न्यायिक अधिकारियों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी को 5 पेड लगाये जाने का संकल्प दिलाया। पुलिस उपाधीक्षक सारिका खंडेलवाल, तहसीलदार कृष्णा शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों और अभिभावकों, कर्मचारियों को वृक्षों की महत्ता समझाई। इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों ने जुलाई से प्रभावी तीनों कानूनों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य टीकमचन्द मालाकार ने खेजडी के



गो ग्रीन अभियान के तहत एडीजे अरविन्द जांगिड़, एसीजेएम ऋचा कौशिक, मुंसिफ मजिस्ट्रेट जयश्री लमोरिया आदि ने पौधारोपण किया।

पेड को बचाने के लोगों के बलिदान के बारे में बताया, उन्होंने सभी अभिभावकों को भी संदेश दिया कि वह भी अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य से पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा की। इस

- 3 हजार पौधारोपण का रखा लक्ष्य, पहले रोज लगाए 500 पौधे

दौरान विद्यालय परिसर में 500 पौधे लगाए गए।। 600 विद्यार्थियों को एक-एक पौधा देकर अपने परिजनों की उपस्थिति में घर पर लगाने का संकल्प दिलाया गया।

सभी सरकारी विद्यालयों में करंज, शीशम, जामुन, अनार, देशी बबूल, पापडी, बोगन बेलिया, बील पत्र व विभिन्न किस्म के लगभग 3250 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया। अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया, गोपाल सिंह पंवार ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत सांभर, नरेना, जोबनेर, किशनगढ रेनवाल क्षेत्र में 22,000 पौधे लगाना प्रस्तावित होना बताया।

## अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तिरंगे का प्रतिनिधित्व करेगी अनिता

**कोटपूतली,** (निसं)। क्षेत्र के ग्राम मोलाहेडा निवासी खिलाडी व पहलवान अनिता बाबू पुत्री ख्यालीराम गुर्जर जिन्होंने बेटों से भी दो कदम आगे निकलकर कोटपूतली का नाम देश के नक्शे पर रोशन किया है। अनिता कोटपूतली-बहरोड जिले की पहली ऐसी शख्सियत है जो किसी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तिरंगे झण्डे का प्रतिनिधित्व करेगी।

अनिता आगामी 9 से 12 जुलाई 2024 तक नेपाल की राजधानी काठमांडु में आयोजित होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय टारगेट बॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हाल ही में उन्होंने राजस्थान के अलवर में 12 से 15 जून तक आयोजित हुई 11वीं राष्ट्रीय टारगेट बॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की ओर से भाग लेते हुये सफलता अर्जित की। जिसके चलते उनका भारतीय टीम में चयन हुआ है। अनिता की सफलता की लिस्ट में यह एक और कामयाबी है। वे पूर्व में भी कुश्ती व टारगेट बॉल की कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुये पदक जीतकर अपने गांव, माता-पिता व क्षेत्र का नाम प्रदेश भर में रोशन कर चुकी है। अनिता की उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। उनकी सफलता पर विधायक हंसराज पटेल ने साफा पहनाकर बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की व आगामी प्रतियोगिता के लिये शुभकामनायें भी दी। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी बेटों के समान ही प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ ने का अवसर मिले तो वे जीवन में सफलता के नये किर्तिमान स्थापित कर सकती है। इस मौके पर पूर्व सरपंच व भाजपा नेता जयराम सिंह गुर्जर, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, पार्षद प्रतिनिधि रघुवीर गोयल, रामचन्द्र, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल, दीपक कटारिया, पूर्व सरपंच नाहरसिंह रावत समेत अन्य मौजूद रहे।

## स्कूल में चारदीवारी, शौचालय एवं पेयजल की मांग

**चाकसू,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोथून के ग्राम बृजपुरा के ग्रामीणों ने ग्रामपंच रामसहाय बैरवा के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा से मुलाकात की।

इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम बृजपुरा में स्थित रा.उ.प्रा. विद्यालय की चारदीवारी निर्माण बालिका शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन के जरिए विधायक को अवगत कराया की विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक संचालित है,जिनमें मात्र कक्षा-कक्ष ही हैं वे भी अध्ययन कार्य हेतु अपर्याप्त है। इसके साथ विद्यालय में चारदीवारी, पेयजल व्यवस्था एवं बालिका शौचालय का अभाव है। जिससे बच्चों व शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पडता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला शिक्षकों एवं छात्राओं को उठानी पड रही है, जिनके स्कूल में



रामसहाय बैरवा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा से मुलाकात की व मांगों का ज्ञापन सौंपा।

शौचालय ही नहीं है। जिम्मेदार स्कूलों में शौचालय निर्माण कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। विभागीय अधिकारी ग्राम प्रधानों की जिम्मेदार तय कर अपना पल्ला झाड लेते हैं। जिससे परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इस दौरान ग्राम बृजपुर के भगवान सहाय हंसराज राजेश राम सहाय रतनलाल जगदीश सोनू लेखराज सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का धरना जारी

**कोटपूतली,** (निसं)। समीपवर्ती ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के विरोध में ग्रामीणों का धरना शनिवार को लगातार 10वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक हंसराज पटेल को सीवरेज

- धरणार्थियों ने विधायक हंसराज पटेल को सौंपा ज्ञापन

ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य को रुकवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

साथ ही ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र लगाने का आग्रह भी किया। इस पर विधायक ने प्रतिनिधि मंडल को निर्माण कार्य को रुकवाने का आश्वासन दिया। रविवार को श्री ध्यान जी महाराज की



ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के विरोध में ग्रामीणों का धरना लगातार 10वें दिन भी जारी रहा।

तपोस्थली पर सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन भी किया जायेगा। इस दौरान चंद्रशेखर शर्मा, दिलीप यादव, सत्यनारायण शर्मा, विक्रम सैन, खेमचंद स्वामी, गिरधारी सैन, रोहित स्वामी, तुलसी स्वामी, सुरेंद्र सैन, गिरिराज भारती, गंगादीन आर्य, प्रताप सिंह यादव, किशनलाल स्वामी, देशराज उर्फ मसता यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## 'पदस्थापना एवं सम्मान समारोह' आयोजित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ का 'पदस्थापना एवं सम्मान समारोह' 6 जुलाई शनिवार को प्रातः 11 बजे से रोटरी भवन में आयोजित किया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट 2025-26 कोटा से रोटेरियन प्रज्ञा मेहता ने नये प्रेसिडेंट मनोज कुमार चोटिया, सेक्रेटरी शांति लाल सोनी सहित नई कार्यकारिणी का पद स्थापन कराया गया। इसमें रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह शेखावत इस सत्र बतौर असिस्टेंट गवर्नर शामिल रहे। इसमें "रुक्मणि देवी हरलालका समाज सेवा सम्मान" श्मशान विकास समिति (रजि.), हरिदास आश्रम के पास, श्रीमाधोपुर को दिया गया। भंवर सिंह शेखावत शैक्षिणक अवार्ड" के लिए श्रीमाधोपुर ब्लाक के कक्षा 10 के टोपर तन्मय सैनी को, "देवांश इंदोरा शैक्षिणक अवार्ड" कक्षा 12 में साइंस की टोपर खुश्बू सैनी को, कामर्स के टोपर वंश कुमावत को तथा आट्र्स की टोपर रीना रायपुरिया को दिया गया।"चौधरी नाथूराम भामू प्रतिभा सम्मान" की 2023 की परीक्षा में आल इंडिया 187 वीं रैंक पाने वाले बिरजू गोपाल एवं 551वीं रैंक हासिल करने पर मोहन मंगावा का सम्मान किया गया।

7वीं ओपन ताइक्वांडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर कंचनपुर के छात्र चेतन गौरव मिश्रा को "आयुष मेमोरियल आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्स अवार्ड" से सम्मानित किया गया। "जी.एल. सैनी आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट/सेक्रेटरी अवार्ड" से भी सम्मानित किया गया। इसी कडी में क्लब में स्थापित "ओ.पी. कयाल बेस्ट रोटेरियन" के लिए पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन सागर मल शर्मा तथा क्लब की पब्लिक इमेज सुद्रड करने के लिए सभी स्थानीय पत्रकारों का सम्मान किया गया।

## सार-समाचार

### 111 कुंडात्मक महायज्ञ का शुभारंभ



**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के मित्रपुरा तहसील के घाटा नैनवाडी गांव की पहाडी पर स्थित श्री देवनारायण मंदिर के प्रांगण में शनिवार को प्रातः 9 बजे 13सौ भव्य कलश यात्रा के साथ ही नव दिवसीय 111 कुंडात्मक श्री देवनारायण महायज्ञ एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हो गया। महामंत्री रतिराम डोई व राम सिंह गुर्जर ने बताया कि यह महायज्ञ श्री बालकानंद महाराज हरभांवता आश्रम के संयोजन में किया जा रहा है। महायज्ञ के दौरान रविवार 7 जुलाई से विधानुसार चलकर 15 जुलाई को वेद स्तुति, नित्यार्चन, हवन, पूर्णाहुति, महाआरती व संत, ब्राह्मणों की विदाई एवं महाप्रसादी सामूहिक भंडारे के साथ संपूर्ण होगा। यज्ञ के दौरान दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक कथावाचक संत श्री राम झूलन दास महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन खुला भंडारा चलेगा। महायज्ञ में अनेको आश्रमों के संत भाग लेकर प्रवचन करेंगे। यज्ञ संजय महाराज दमन दीव स्वर्ण पदक विजेता यज्ञाचार्य के सानिध्य में होगा।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। कस्बे में स्थित रवीन्द्र उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में उच्च माध्यमिक विज्ञान वर्ग में यशोधर शर्मा 90.20 प्रतिशत, गणित वर्ग इकरार खान 86.40 प्रतिशत, कृषि विज्ञान वर्ग मनिषा कंवर शेखावत 88 प्रतिशत, कला वर्ग में रागिनी कुमारी 82.40प्रतिशत, माध्यमिक परीक्षा में अभिषेक यादव 93.50 प्रतिशत ने अंक प्राप्त किये। इन सभी प्रतिभावान छात्र छात्राओं को राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफ़ा बंधवाकर प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्थाप्रधान नगेन्द्र सिंह शेखावत ने आगुंतकों का स्वागत सत्कार किया। इस दौरान भगवान सहाय शर्मा, (अध्यक्ष ब्राह्मण समाज) सत्यनारायण बालाणी, डॉ. रामगोपाल शर्मा, बाबूलाल टेलर (राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक) रामावतार सैन (राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक), यासीन तेली, गिरधारी लाल शर्मा, सुरेश सैन, विक्रम सिंह, राधेश्याम छीपा, भगवान सहाय, रामलाल यादव, सीताराम मिश्रा, कालूराम यादव, महेन्द्र सिंह, सुरेश सालोदिया, अम्बिका प्रसाद बालाणी, गोवर्धन टेलर, सहीत गणमान्य लोगों व विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### शादी के 17 साल बाद मिला मातृत्व सुख

**निवाई,** (निसं)। राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने एक प्रसूता का जटिल ऑपरेशन कर एक बच्ची का सकुशल जन्म करवाया है। अस्पताल प्रभारी डॉ. केके विजय ने बताया कि गुलाब पत्नि सुरेश मीणा निवासी रूपवास को शनिवार की सुबह करीब 9 बजे डिलेवरी के लिए भर्ती करवाया था। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता शर्मा ने बताया कि शादी के 17 वर्ष बाद गर्भवती हुई थी। महिला की बच्चेदानी का मुंह बंद था और गर्भ में पल रहे शिशु की गर्दन नाल में फंसी हुई थी। जिसका ऑपरेशन करना एक चुनौती था। ऑपरेशन को चुनौती मानते हुए स्वीकार किया और चिकित्सकों की टीम के साथ चर्चा कर ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। टीम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता शर्मा, एमडी एनिस्थिसिया डॉ. अमित गोयल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश जैन व डॉ. योगेन्द्रसिंह शेखावत, मेल नर्स सुखलाल बैरवा, कजोडमल वर्मा, अनिता व कृष्णा, रामजीलाल व चन्द्रप्रकाश सहित शामिल चिकित्साकर्मियों ने करीब दोपहर 12:30 बजे सिजेरियन डिलेवरी से बच्ची का जन्म करवाया। सफल ऑपरेशन के बाद जच्चा व बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। ऑपरेशन के बाद हुए बच्ची के जन्म पर परिवार में खुशी की लहर दौड गई। इस दौरान परिजनों ने डॉ. अनिता शर्मा सहित चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त किया है।

### 10 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा थाना पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई कर बंदूक की नोक पर जबरन अपरहण कर जान से मारने की धमकी व डरा धमकाकर एक बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर की ओर से 10 हजार का टॉप 10 ईनाम भी घोषित किया हुआ था। अपरण, जान से मारने की धमकी, बलात्कार मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। कोटपुतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि जिले मे पेंडिंग प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए अपराधियों को डिटेन कर पूछताछ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# बीसीएमओ ने विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

**कोटपूतली**, (निसं)। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजनौता, कारौली, पवाना अहीर, कल्याणपुरा कला, चिमनपुरा, बखराना व उप स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुरा आदि चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की गई।

उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, साफ-सफाई, दवा वितरण, वार्ड, ओपीडी, टीकाकारण कक्ष, स्टोर समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर पाई गई कमियों को शीघ्र दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

बीसीएमओ ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो, उन्हें अच्छी व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध करवाई जायें।

सभी अधिकारी-कर्मचारी चिकित्सा संस्थान पर निर्धारित



बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।

- निरीक्षण में मिली कमियों को पूरा करने के निर्देश दिये

समय पर मय आईडी कार्ड व गणवेश के उपस्थित होकर कार्य करें। बीसीएमओ ने स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है।

उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को आमजन की आभा आईडी बनाने, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड का वितरण करने, मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुये बारिश के मौसम में चिकित्सा संस्थानों की छतों की सफाई किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने की बात भी कही।

## मंत्री संजय शर्मा ने वन क्षेत्रों का निरीक्षण किया

**अलवर,** (निसं)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को अलवर शहर के आसपास के वन क्षेत्र तोप वाले हनुमान के पास मटिया कुंड, मांच का तिराहा के पास निदानी बांध, भूरासिद्ध के आसपास वन क्षेत्रा, प्रताबबंध से बाला किला तक के वन क्षेत्र एवं कटी घाटी के पास नगर वन का निरीक्षण किया। वन मंत्री शर्मा ने मटिया कुंड व निदानी बांध का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि इनका रखरखाव सुव्यवस्थित रूप से रखे एवं आवश्यकतानुसार इनकी मरम्मत आदि का कार्य करावे।

उन्होंने कटीघाटी के पास नगर वन का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि नगर वन में कराए जाने वाले निर्माण कार्य को इस तरह से कराया जाए जो एनवायरमेंट फ्रेंडली हो तथा इसको सुन्दर स्वरूप दिया जाए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने नगर वन में महिलाओं द्वारा एक हजार पौधे लगाए जाने हेतु खड्डे खुदवाने के निर्देश दिये। उन्होंने भूरासिद्ध के आसपास वन क्षेत्रा का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि जूलीफ्लोरा को हटाया जाए तथा यहां पर मातृवन विकसित करने की दिशा में कार्य करें। साथ ही भूरासिद्ध क्षेत्र में एक हजार पौधे लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने

- 20 जुलाई को होने वाले जिला स्तरीय वन महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया

प्रतापबंध से बालाकिला का निरीक्षण कर एक हजार पौधे ट्री गार्ड सहित लगाए जावे। उन्होंने बाबू शोभाराम का निरीक्षण कर 20 जुलाई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय वन महोत्सव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि वन महोत्सव के तहत परिसर में 2 हजार पौधे लगाए जाएंगे इसकी सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लेवे। इस दौरान डीएफओ अलवर राजेन्द्र कुमार हुड्डा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इसके उपरान्त मंत्री शर्मा ने चिनार स्कूल में पहुंचकर 41 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित 'एक पेड मां के नाम अभियान के तहत अपनी मां के नाम का एक पौधा लगावे तथा उसका रखरखाव भी करें। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। कडी मेहनत व सच्ची लग्न के साथ कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।